सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

 # अवैध आतिशबाजी/पटाखों के भंडारण पर इटावा पुलिस का प्रहार

दिनांक 08.11.2026

- **अवैध आतिशबाजी/पटाखों के भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध इटावा पुलिस की बड़ी कार्रवाई,**
- **16 किलोग्राम अवैध आतिशबाजी/ पटाखों (बारूद निर्मित) के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**
- **अनुमानित कीमत लगभग 40,000/- रू0 की आतिशबाजी/पटाखे बरामद।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा श्री श्रीशचन्द्र के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी भरथना श्री रामदवन मौर्य के नेतृत्व में **थाना ऊसराहार पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

सुरक्षित, सौम्य एवं दुर्घटनारहित दीपावली सम्पन्न कराने की शासन की मंशानुरुप एवं **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव** के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अवैध रुप से पटाखा निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 07.11.2026 को थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा **01 अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र गुलाब सिंह को अवैध आतिशबाजी/पटाखों के साथ में अनुमानित कीमत लगभग 40,000/-रु0 सहित गांव ताखा से गिरफ्तार किया गया।**

गिरफ्तार अभियुक्त

1. प्रमोद कुमार पुत्र गुलाब सिंह निवासी ग्राम ताखा थाना ऊसराहार जनपद इटावा **उम्र करीब 40 वर्ष।**

पुलिस पूछताछ-

पकड़े गये अभियुक्त से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि उसने आतिशबाजी/पटाखों का भंडारण किया था, जिन्हें बेचकर वह लाभ कमाना चाहता था।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 203/2026 धारा 5/9(ख)1(ख) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम,1884 थाना ऊसराहार जनपद इटावा।

बरामदगी-

1. 01 कार्टून व 01 प्लास्टिक की बोरी — **विभिन्न प्रकार के ब्रांड की आतिशबाजी/पटाखें बरामद,16 किलोग्राम कीमत लगभग 40,000/- रु0**

पुलिस टीम:- प्रभारी निरीक्षक ऊसराहार श्री नरेन्द्र कुमार मिश्रा, उ0नि0 श्री बृजेश कुमार, हे0का0 योगेश कुमार, का0 शिवनाथ, का0 अभिषेक तिवारी, चालक का0 नरेन्द्र कुमार।